एम.एम.डी.ई.-015

02398

बी.एड. (विशेष शिक्षा)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2011

एम.एम.डी.ई.-015 : हिन्दी में शिक्षण

समय : 2 घंटे | *अधिकतम अंक : 50*

नोट: *इस प्रश्न पत्र में कुल **तीन** भाग हैं : क, ख और ग। प्रत्येक भाग के नीचे प्रश्न हल करने संबंधी निर्देश दिए गए है, उन्हें ध्यान से पढ़े।*

खण्ड - क

सभी प्रश्नों के अंक बराबर हैं। कृपया सभी प्रश्नों के उत्तर दें। **5x2=10**

1. मानक भाषा और बोली में क्या अन्तर है ?

2. शब्दशक्ति किसे कहते हैं ? तीन प्रमुख शब्दशक्तियों की परिभाषा दें।

3. समास की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का उल्लेख सोदाहरण करें।

4. भाषा पाठ्य-पुस्तक की रचना की आवश्यक प्रक्रियाओं का संक्षिप्त परिचय दें।

5. कोठारी कमीशन का त्रिभाषा सूत्र क्या है ?

खण्ड - ख

किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के मान बराबर हैं। 4x5=20

6. श्रवण के विभिन्न स्तरों की चर्चा करते हुए श्रवण कौशल की व्याख्या करें।

7. अक्षर बोध कराने की विभिन्न विधियों का उल्लेख स्पष्टता से करें।

8. लिपि की जटिलता क्या है, समझाकर लिखें।

9. प्रयोजनमूलक लेखन क्या है? इसके विभिन्न रूपों का उल्लेख करें।

10. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के रचनाकार कौन हैं? यह नाटक कब लिखा गया? नाटककार और नाटक के उद्देश्य की संक्षिप्त जानकारी दें।

खण्ड - ग

11. कहानी शिक्षण के महत्त्व, उद्देश्य एवं प्रणालियों को समझा कर लिखें। 10

अथवा

आलेख लेखन के स्वरूप पर विचार करते हुए अपनी पाठ्य-पुस्तक के आधार पर 'हिम्मत और जिन्दगी' निबन्ध की व्याख्या करें।

12. कविता लेखन के उद्देश्य, कविता की भाषा और शिल्प का विवरण देते हुए अपनी पाठ्य-पुस्तक में उल्लिखित किसी एक कवि का परिचय दें। 10

अथवा

भाषण कौशल के विकास की विधियों की व्याख्या करें।